**<u>विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), boनागपुर की दिनांक 24/04/2025 को 133 वीं बैठक का आयोजन</u>**

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की 133 वीं बैठक श्री पीयूष नारायण शर्मा, महानियंत्रक की अध्यक्षता में दिनांक 24/04/2025 को अपराहन 4.00 बजे महानियंत्रक महोदय के सभाकक्ष में आयोजित की गई । अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। कार्यसूची के अनुसार बैठक में पिछली बैठक (132वीं) के कार्यवृत पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत की पुष्टि की गई। इसके पश्चात जनवरी - मार्च, 2025 अवधि की मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई ।

बैठक में हिंदी पत्राचार ,अखिल भारतीय विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन, राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत कार्यालयों को मानदेय की समान राशि दिया जाना एवं वर्ष 2025 - 26 हेतु राजभाषा विभाग का वार्षिक कार्यक्रम आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई ।

अंत में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।




विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक


विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक